**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 103 अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया।
- केंद्रीय खुफिया ब्यूरो और हरियाणा पुलिस ने रेवाड़ी जिले के गांव हरीनगर स्थित एक ईंट भट्टे से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।
- पलवल पुलिस ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 देशी पिस्तौल सहित 24 से अधिक अवैध हथियार बरामद किए।

*************************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल भारत की रेलवे अवसंरचना के लिए ऐतिहासिक दिन है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अमृत स्टेशन सुविधा और सम्पर्क को प्रोत्साहन देंगे तथा देश की उत्कृष्ट संस्कृति प्रदर्शित करेंगे

*********************************************************************************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं।

***"हरियाणा में जन्मे मेजर होशियार सिंह जून 1963 में तीसरी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल हुए। 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान बटालियन को बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था, जो दोनों तरफ गहरी बारूदी सुरंगों से ढकी हुई थी। मेजर सिंह सी कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर थे, जिन्हें जरपाल इलाके पर आक्रमण करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी पर दुश्मन की ओर से मशीनगनों से भारी गोलाबारी हुआ। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, मेजर होशियार सिंह हिम्मत नहीं हारे और अपने***

***जवानों को प्रेरित हुए एक खाई से दूसरी खाई तक आगे बढ़ते गए। जब वे अपने जवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला मीडियम मशीन गन पोस्ट के पास आकर गिरा, जिससे चालक दल के लोग घायल हो गए। मेजर होशियार सिंह स्थिति को समझते हुए तुरंत मशीन गन पिट की ओर दौड़ लगाई और खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद गन को संभाला और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। हमले को सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया और दुश्मन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 85 जवान मारे गए। मेजर होशियार सिंह को उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।"***

****************************************************************************************

करनाल में आज मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैथल रोड पर नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्‌घाटन किया। उनके साथ जेल मंत्री अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।आधुनिक सुविधाओं से युक्त करीब 7 एकड़ से अधिक भूमि में फैली इस अकादमी में एक साथ 134 प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यह जेल प्रशिक्षण अकादमी केवल एक भवन नहीं है बल्कि दृष्टिकोण का परिवर्तन है। एक नई परिकल्पना है। यहां सजा की बजाय सुधार को महत्व दिया जाएगा।

***********************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया।

इसके उपरांत हरियाणा भवन नई दिल्ली में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्‌टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। अब देश में संतुष्टि का भाव है और आतंकियों में भय का माहौल बना है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पाक का असली चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को हरियाणा में चल रही विकास योजनाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया है।

****************************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

****************************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आज नई दिल्ली में मीडिया से कहा कि श्री खरगे की टिप्पणी निंदनीय है और भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक है।

***खड़गे जी द्वारा आज भारत की सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को छुटपुट घटना कहना न सिर्फ निंदनीय है बल्कि भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम और 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान इससे पूर्व राहुल गांधी जी अनेक प्रकार के अवांछित और अनर्गल बातें करते हुए भारतीय विमानों और इनके बारे में न जाने किस प्रकार की बातें कर रहे हैं, जो वह फितरतन पहले भी करते आ रहे हैं।***

कल कर्नाटक में एक कार्यक्रम में श्री खरगे ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कुछ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

*************************************************************************************

केंद्रीय खुफिया ब्यूरो (आईबी) और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर रेवाड़ी जिला के गांव हरीनगर स्थित एक ईंट भट्टे से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

उप पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह श्योराण ने बताया-

उन्होंने बताया कि रेवाड़ी में अभी तक ईट भट्टों से 60 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा ककि जांच में पता चला है कि बांग्लादेश के कुरीग्राम थाना फूलबाड़ी के दो परिवारों ने लगभग 25 साल पहले दलालों के माध्यम से भारत में प्रवेश किया था।

*************************************************************************************

पलवल पुलिस ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 से अधिक अवैध हथियार बरामद किए हैं। जिनमें 10 देशी पिस्तौल व 5 देशी कट्टे व 315 बोर के 10 जिन्दा रौद और 2 खाली मैगजीन शामिल हैं।

अपराध शाखा के उप पुलिस अधीक्षक मनोज वर्मा ने बताया -

उन्होंने बाते की आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह हथियार महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा से लाए हैं जिन्हें मेवात, हरियाणा व राजस्थान में सप्लाई करना था।

*************************************************************************************

मौसम विभाग के चंडीगढ़ स्थित केंद्र ने हरियाणा के 12 जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आज लू चलने के पहले दिन हरियाणा में हिसार का अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भिवानी से हमारे संवाददाता ने जिले में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किए जाने की खबर दी है। भिवानी कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने बताया कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो डिग्री तक बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने किसानों को फसलों में शाम को ही सिंचाई करने की सलाह देते हुए कहा -

डॉ देवी लाल ने किन्नू की फसल में एक लीटर पानी में 5 ग्राम जिंक, 10 ग्राम यूरिया मिल कर बनाए घोल का छिड़काव करने की सलाह भी दी है।